सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ | अंक - १० | २०/०५/२०२४ | पृष्ठ - ४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### बढता तापमान एक गंभीर चिन्ता !

देश दुनिया का बढता तापमान आज आम आदमी के लिए एक खबर मात्र हो सकती है, लेकिन इसको सामान्य दृष्टिकोण से देखना आने वाले बड़े खतरों की तरफ से मुंह मोड़ने जैसा है। देश दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, अंदेशा है कि सन २०५० तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसके बाद अगले पचास सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मनुष्य उतनी तेजी से अपना व्यवहार और बर्ताव नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नए सिरे से निर्धारित करना होगा।

विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाज़ारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा? हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस-नहस कर दे रहा है। आपको याद होगा कि पिछले साल बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान श्मोकाश से तकरीबन १७ लाख लोग बेघर हो गए थे।

विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाज़ारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा? हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस-नहस कर दे रहा है। आपको याद होगा कि पिछले साल बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान श्मोकाश से तकरीबन १७ लाख लोग बेघर हो गए थे।

## स्वाति मालीवाल केस में दिल्ली पुलिस सीएम हाउस पहुची

पुलिस ने सीसीटीवी ओर डीवीआर कलेक्ट किए।



आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट केस की जांच के लिए दिल्ली पुलिस रविवार दोपहर सीएम हाउस पहुंची। वहां से पुलिस ने मारपीट के समय के सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर कलेक्ट किए। मारपीट के आरोपी और सीएम अरविंद केजरीवाल के पर्सनल असिस्टेंट बिभवकुमार को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। बिभव को ब्ड हाउस से ही शनिवार शाम 4: 30 बजे गिरफ्तार किया गया था पुलिस ने बिभव की 7 दिन की कस्टडी मांगी थी। पुलिस की ओर से एडवोकेट अतुल श्रीवास्तव ने बिभव की कस्टडी पर दलीलें दीं। बिभव को 23 मई को अदालत में पेश किया जाएगा।

## 8 राज्यों की 49 सीटों पर वोटिंग

9 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री मैदान मे

2024 लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार (20 मई) को 6 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर वोटिंग होगी। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा ने 32, शिवसेना ने 7, टीएमसी ने 4 सीटें जीती थीं। कांग्रेस केवल यूपी की रायबरेली सीट जीत पाई थी। अन्य को 5 सीटें मिली थीं।इस फेज में राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी और पीयूष गोयल समेत 9 केंद्रीय मंत्री मैदान में हैं।

वहीं, केरल की वायनाड सीट के अलावा राहुल गांधी रायबरेली से भी चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक पांचवें फेज में 695 कैंडिडेट्स मैदान में हैं। 613 पुरुष और 82 महिला उम्मीदवार हैं। इनमें महिलाएं केवल 12: हैं।

## बंगाल के पुरुलिया,बिष्णुपुर,ओर मेदिनीपुर में मोदी की जन सभाएँ पीएम ने कहा सीएए मोदी की ग्यारंटी।

टीएमसी सुन ले सीएए मोदी की ग्यारंटी है । मामता घुसपैठियों को विरोध और हिंदु अलपसंख्यो को विरोध करती है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (19 मई) को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, बिष्णुपुर और मेदिनीपुर में जनसभाएं मेदिनीपुर में पीएम ने कहा कि कि टीएसी घुसपैठियों का स्वागत करती लेकिन उन हिंदू अल्पसंख्यकों का विरोध करती है जो दूसरे देशों (पाकिस्तान–बांग्लादेश) से प्रताड़ित होकर भारत आए हैं। अभी 4 दिन पहले 300 से ज्यादा शरणार्थियों को नागरिकता देकर एक नई शुरुआत की गई है। मैं टीएमसी से कहना चाहता हूं, ध्यान से सुन लें...सीएए मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा कि मैंने वादा किया था कि मैं इन शरणार्थी परिवारों को नागरिकता दूंगा। वे हमसे उम्मीद लगाए हुए हैं, लेकिन टीएसी शरणार्थियों और सीएए का विरोध कर रही है। सीएए लागू नहीं होने की बात कहते हैं। टीएसी कांग्रेस और लेफ्ट दीवार पर लिखकर रख लें, जब तक मोदी जिंदा हैं, वे ऐसा नहीं कर पाएंगे कुछ भी।

## प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ अरेस्ट वारंट , पुर्व पीएम व प्रज्वल के दादा एचडी देवगौडा बोले एक्शन से अपत्ति नही।

प्रज्वल रेवन्ना २६ अप्रेल को वोटिंग के बाद जर्मनी चले गए , राणा पर तीन मामले दर्ज है।





बेंगलुरु की स्पेशल एम पी एम एल ए कोर्ट ने सेक्शुअल हैरेसमेंट केस में जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। कोर्ट ने शनिवार 18 मई को वारंट जारी किया। इंटरपोल ने भी प्रज्वल के नाम ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया है। प्रज्वल के पर तीन महिलाओं उत्पीड़न के तीन मामले दर्ज हैं। प्रज्वल 26 अप्रैल को वोटिंग के बाद जर्मनी चले गए थे, तब सउनका कोई पता नहीं है। इसी केस में उनके पिता और होलेनरासीपुरा विधायक एचडी रेवन्ना भी आरोपी हैं। एचडी रेवन्ना किडनैपिंग केस में जमानत पर हैं।

पीएम देवगौड़ा- एक्शन से आपत्ति नहीं
पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा ने कर्नाटक सेक्स स्कैंडल को लेकर पहली बार शनिवार (१८ मई) को बयान दिया। उन्होंने कहा- प्रज्वल के खिलाफ एक्शन से मुझे आपत्ति नहीं है, लेकिन रेवन्ना पर चल रहे केस उन्हें फंसाने के लिए बनाए गए हैं। देवगौड़ा ने कहा- प्रज्वल विदेश जा चुका है। कुमारस्वामी पहले ही कह चुके हैं कि सरकार कानून के हिसाब से एक्शन ले।

## जम्मू-कश्मीर में वोटिंग से पहले दो आतंकी हमले , शोपियां में भाजपा नेता की हत्या अनंतनाग में राजस्थान के कपल पर फायरिंग ।

आतंकियों ने राजिस्थान के जयपुरा के टुरिस्ट कपल को गोली मार दी।



जम्मू–कश्मीर में शनिवार (18 मई) की रात एक घंटे के भीतर दो जगह आतंकी हमले हुए। पहली घटना अनंतनाग के एक ओपन टूरिस्ट कैंप की है। यहां आतंकियों ने एक टूरिस्ट कपल को गोली मार दी। कपल राजस्थान के जयपुर के पहलगाम के पास रहने वाले हैं। पति–पत्नी रिसॉर्ट में रुके हुए थे।महिला का नाम फराह और उसके पति का नाम तबरेज है। पति की हालत नाजुक बताई जा रही है। कपल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए जीएमसी अनंतनाग रेफर किया गया है।

जम्मू-कश्मीर में दोनों हमले तब हुए है, जब यहां आर्टिकल-३७० हटने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। २० मई को पांचवें फेज में बारामूला सीट पर मतदान होना है। २५ मई को छठे फेज में अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान होगा। उधमपुर और जम्मू में १९ और २६ अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है। श्रीनगर में १३ मई को वोटिंग हुई थी।

## दिल्ली नॉर्थ इस्ट मोदी ने कहा ये चुनाव गरीबो के लिए आसान है ।

मोदी ने उत्तर पुर्व दिल्ली में जनसभा को सम्बोधीत किया। ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए है। मैंने पचास साल पहले घर छोड़ा था, तब मुझे नहीं पता था कि एक दिन 140 करोड़ लोग मेरा परिवार बन जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार का उत्तर पूर्वी दिल्ली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ये चुनाव युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए है। ये मजबूत देश बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा,श्मैंने पचास साल पहले घर छोड़ा था, तब मुझे नहीं पता था कि एक दिन 140 करोड़ लोग मेरा परिवार बन जाएंगे। मुझे नहीं पता था

देश की विरासत को वीर अवशेषों के सम्मान में स्मारकवार बनाने का महत्व समझ नहीं आया। उन्होंने कहा, पुलिस मेमोरियल के लिए देश के पुलिस अपराधियों को ७० साल से इंतजार है। मोदी आया तब बना।




# डिजीटल संस्करण
# https://sbpatra.in
# पर उपलब्ध



## लहसुन की बोरी खोलने पर मंडी में भिड़े हम्माल लहराई तलवार हुआ विवाद

कृषि उपज मंडी में शुक्रवार शाम को तलवार मारने से एक हम्माल घायल हो गया। मंडी में अंतिम नीलामी के पहले व्यापारियों के प्रतिनिधि के रूप में एक हम्माल किसानों द्वारा लाई गई लहसुन की बोरी खोलकर ढेर लगा रहा था। इस दौरान मंडी के हम्मालों ने बोरी खोलने पर आपत्ति लेते हुए विवाद किया। घटना की जानकारी मिलते ही मंडी इंस्पेक्टर मौके पर पहुंचे। आरोपी हम्माल सोहेल खान ने फरियादी हम्माल राहुल पर तलवार से वार किया और मौके से फरार हो गया। देर रात पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर 4 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला विवेचना में ले लिया है।अब इसका विरोध जताते हुए सोमवार से मंडी व्यापारी हड़ताल करेंगे। तलवार लहराते हुए आया और हमला किया – सूचना मिलते ही मंडी इंस्पेक्टर समीर दास सहित अन्य मौके पर पहुंचे। शाम साढ़े 6 बजे पीली टी–शर्ट पहने एक हम्माल हाथ में तलवार लहराते हुए आया और राहुल पर साथियों के साथ हमला कर दिया। पीठ पर तलवार लगने से राहुल की टी–शर्ट फट गई।

## लू ( तापघात ) से बचाव के लिए दिशा–निर्देश जारी

नीमच 17 मई 2024,गर्मी का मौसम प्रारम्भ हो गया है, अधिक तापमान के बदलाव से लू लगने की संभावना होती है। इसके साथ–साथ खाद्य व पेय पदार्थों के दूषित होने की संभावनाऐं भी बढ़ जाती हैं। सीएमएचओ डॉ.एस.एस. बघेल ने बताया, कि लू(तापघात)से बचाव के लिए हैं।आमजन धूप व गर्मी से बचें। घर में हवादार, ठंडे स्थान पर रहें। बाहर जाना आवश्यक हो, तो सुबह व शाम के समय जाये। अत्याधिक शारीरिक श्रम वाली गतिविधियां अधिकतम तापमान वाले घंटों में न करें। सफेद व हल्के रंग के वस्त्रों का उपयोग करें, सिर को कपड़े या टोपी से ढ़कें। जूते–चप्पल तथा नजर के काले चश्में का प्रयोग करें। धूप में जाने से पहले भोजन व पर्याप्त पानी पियें। पेय पदार्थों(नान अल्कोहॉलिक)जैसनींबू पानी, लस्सी, छांछ, जलजीरा, आमपना, दही,नारियल पानी आदि का सेवन करें। ताजा एवं स्वच्छ भोजन का सेवन करें।

शिशुओं तथा बच्चों , 65 वर्ष से अधिक आयु के महिला व पुरूष घर के बाहर काम करने वाले, मानसिक रोगियों तथा उच्च रक्तचाप वाले मरीजों का विशेष ध्यान रखें। बंद गाड़ी के अंदर का तापमान बाहर से अधिक होता है। किसी को बंद पार्किंग में रखी गाड़ी में अकेला न छोड़ें। बहुत अधिक भीड़,गर्म,घुटन भरे कमरों,रेल,बस आदि में यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें। यदि किसी व्यक्ति को लू लगने का संदेह होता है, तो उसे तत्काल ठण्डे स्थान पर रखें। पानी, छांछ व अन्य तरल पदार्थों को पर्याप्त मात्रा में ले। यदि आराम न लगे तो तुरंत निकट के अस्पताल में चिकित्सक को दिखाकर, उपचार लाभ लें।

### लू से बचाव के लिए रखें सावधानी –

**जिले में गर्मी के मौसम में लू से बीमार होने की संभावना हो सकती हैं। ऐसे में हर नागरिक कि जिम्मेदारी है,कि वह अपने परिवार व स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए लू से से बचे।**

**लू के प्रमुख लक्षण इस प्रकार है गर्म लाल और सुखी आंखे होना, मतली या उल्टी आना, तेज सिरदर्द होना, मांश–पेशियो में कमजोरी व दर्द होना, साँस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट, चक्कर आना या बेहोशी, शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक होना। यदि इस प्रकार के लक्षण दिखें, तो तुरंत नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक को दिखाए और उचित उपचार लें। लू से बचने के लिए यह सावधानिया रखें धूप में जाते समय सफ़ेद या हल्के रंग के सूती वस्त्र पहने, पानी एवं पेय पदार्थ का अधिक सेवन करें। ठन्डे मौसमी फल खाए, बुजुर्गो का खास ध्ध्यान रखें, सादा खाना और तरल पदार्थो का सेवन करें। गर्दन के पिछले भाग, कान और सिर को गमछे या तोलिये से ढ़क कर ही धूप में निकलें। रंगीन चश्मे व छतरी का उपयोग करें। तेज धूप के समय दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक हो सके, तो इनडोर रहें।**

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने चार संस्थानों का निरीक्षण कर लिए सेम्पल

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निदेशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री बीएस जामोद द्वारा बताया गया कि गर्मी के मौसम में ध्यान रखते हुए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत चार संस्थानों का निरीक्षणकरते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं। कार्यवाही के दौरान मंदसौर के जीवागंज स्थित मौसम बहार आईस कैण्डी से आईस कैण्डी, नैनवानी सुपर बाजार अभिनंदन आईसक्रीम, राष्ट्रीय एजेन्सी अभिनंदन लस्सी, छाछ, और जैन श्री मटका कुल्फी घंटाघर से रबडी कुल्फी के नमुने लिये गये हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र. भोपाल भेजे गये है। जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी।

## वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर २० मई को

नीमच 17 मई 2024, जिला चिकित्सालय नीमच द्वारा ट्रामा सेंटर ओपीडी मे सोमवार 20 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक वृद्धजनों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिलाचिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों एव मेडिकल टीम द्वारा वृध्दावस्था से जुड़ी बीमारियों की निःशुल्क जाच, परामर्श एवं उपचार कर दवाई वितरण किया जाएगा।शिविर में आने वाले पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं हेल्थ आईडी बनाई जाएगी। जिला चिकित्सालय में स्थित आइडियल फ़ीजियोथेरेपी यूनिट में वृद्धजन हेतु निःशुल्क फ़ीजियोथेरेपी की व्यवस्था भी रहेगी।सिविल सर्जन डॉ.महेन्द्र पाटिल एव वृद्धजन कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ.मनीष यादव ने जिले के सभी वृद्धजनो से शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

## पेयजल समस्या के समाधान के लिए ११२ हेण्डपम्प सुधारे- नये ११ सिंगलफेस विद्युत पम्प स्थापित

नीमच 17 मई 2024, जिले में ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के समाधान के लिए लोक स्वा.या.विभाग नीमच दारा 3 मई से 7 मई 2024 तक कुल 112 हेण्ड पम्पों को सुधारा गया है और 156 मीटर राईजर पाईप जल स्तर की कमी वाले हेण्डपम्पों में बढाए गए है। साथ ही 111 मीटर राईजर पाईप बदले गये है और 11 नवीन सिंगल फेस विद्युत पम्ध्प स्ध्थापित किए गए है। यह जानकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री एस. सी.जलोनिया ने दी है।

## उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम

### 55 जिलों में 37 सेक्टर में निःशुल्क अत्याधुनिक पाठ्यक्रम

रतलाम 17 मई 2024/ द्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सभी 55 जिलों में 37 विभिन्न सेक्टर में युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (डीआईसी) अंतर्गत संचालित शासकीय स्वरोजगार योजनाओं की सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए सर्टिफिकेट आवश्यक होता है।इस हेतु एक व्यापक कार्यक्रम तैयार किया गया है, जो इच्छुक और छोटे व्यवसाय उद्यमियों के लिए, व्यावसायिक उद्यमों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और मौजूदा व्यावसायिक इकाइयों के विकास को बढ़ावा देगा, पाठ्यक्रम में पठन सामग्री, वीडियो आधारित ट्यूटोरियल केस–आधारित दृष्टिकोण भी पाठ्यक्रम में प्रदान किया जाता है।

केंद्र द्वारा डीएलईसी फोरलेन फार्मूला आधारित 'सर्टिफिकेट इन बिजनेस स्किल, डिसेंट्रलाइजेशन, लोकल, एंटरप्रेन्योरशिप तथा कोऑपरेशन' के साथ 'फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम सर्टिफिकेट का संयुक्त संचालन किया जा रहा है।इस संदर्भ में जानकारी देते हुए सेडमैप की कार्यकारी संचालक श्रीमती अनुराधा सिंघई ने बताया कि इस हेतु संयुक्त रूप से एक कोर्स 'ज्ञान हैंडबुक'डिजाइन किया गया है जिसमें 37 विभिन्न सेक्टर से सम्बंधित उद्यमिता के आयाम को सम्मिलित किया गया है। साथ में वरिष्ठ विषय विशेषज्ञों एवं अधिकारियों द्वारा भी इसमें युवाओं को मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे उद्यमिता पर प्रशिक्षण पा सकते हैं और प्रमाण–पत्र भी निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।प्रत्येक विषय पर जानकारी के साथ प्रत्येक वीडियो यू टूयूब पर उपलब्ध रहेगा।पाठ्यक्रम में उद्यमिता के उभरते हुए अनेक सेक्टर को सम्मिलित किया गया है. जिसमें प्रमुख रूप से वनौषधि, आयुष एपीआई, 64–कलाओं, सोलह सिंगार, हर्बल, 108 जड़ी–बूटी, मोटा अनाज, 108 भारतीय मसाला, जनजातीय उद्यमिता, हथकरघा–बुटीक, गोबर उत्पाद, पूजन सामग्री, फूड प्रोसेसिंग, भारतीय शिल्प, अलाइड डेयरी, मिलेट बेकरी,महुआ, जैव उर्वरक, घरेलू, दैनिक उपयोग की वस्तुओं, बायोप्लास्टिक, स्पोर्ट्स, योग–नेचुरोपैथी पर्यटन उद्यमिता तथा अन्य सम्बंधित उपसेक्टर शामिल है।

जल और ऊर्जा स्वराज के साथ एग्रोएंटरप्रेन्योर तैयार करना, विकसित मध्यप्रदेश, फूड प्रोसेसिंग हब, एग्रोप्रेनर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नए इंजन, न्यूट्री हब, श्रीअन्न सुपरफूड को वर्ल्डवाइड एक्सपोर्ट, छोटे किसानों के लिए मिलेट्स (श्रीअन्न) आधारित उद्यमिता, सौर उर्जा ट्यूबवेलों, कृषि मशीनरी और उपकरण आधारित उद्यमिता, पीएम किसान समृद्धि का विस्तार, ड्रोन–कृषि–सैटेलाइट उद्यमिता के क्षमता निर्माण होने से उपज के प्रभावी मार्केटिंग के लिए नए आयामों को स्थापित करना शामिल है।इसमें संयुक्त रूप से स्वावलंबी भारत अभियान, मिनिस्ट्री ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी भारत सरकार प्रोजेक्ट राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद म.प्र. सरकार, आईसीएआर–अटारी जबलपुर, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में भारत के सवा सौ करोड़ 'ज्ञान'जी फॉर गरीब, वाई फॉर युवा, ए फॉर अन्नदाता (किसान), एन फॉर नारीशक्ति (महिला) पर ध्यान कर डीएलईसी फार्मूला डिसेंट्रलाइजेशन (विकेंद्रीकरण), लोकल (स्वदेशी), एंटरप्रेन्योरशिप (उद्यमिता), कोऑपरेशन (सहकारिता) आधारित अत्याधुनिक पाठ्यक्रम का निःशुल्क संचालन किया जा रहा है।

अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष निमित्त प्रारंभ हुये क्षमता सम्वर्धन के इस कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन और नागरिक शिष्टाचार के साथ स्वदेशी उत्पाद हेतु स्थानीय संसाधन का पर्यावरण हितैषी के रूप में उपयोगएवं सामाजिक समरसता को ध्यान में रखकर सहकारिता आधारित आउट ऑफ बॉक्स थिंकिंग वाले उद्यमिता के माध्यम से क्लास बी और क्लास सी कैटेगरी के स्वदेशी उत्पादों से बड़े पैमाने पर इंपोर्ट कम तथा एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने सम्मिलित किया गया है। पंच परिवर्तन के सूत्र सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व का जागरण तथा नागरिक शिष्टाचार का पालन करते हुए उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र उद्यमिता का निर्माण प्रायोगिक रूप में कराने का प्रशिक्षण भी इस पाठ्यक्रम में शामिल है।क्रमांक–72/486/2024

## राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन २० मई से ७ जून तक

रतलाम 17 मई 2024/ मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन आगामी 20 मई से 7 जून तक जिले के आठ परीक्षा केंद्र पर दो पाली में होने जा रहा है। इस परीक्षा के प्रवेश पत्र www-mpsos-nic-in से डाउनलोड कर सकते हैं। उपरोक्त परीक्षाओं में रुक जाना नहीं आ लोट चले योजना एवं परंपरागत कक्षा दसवीं एवं 12वीं की परीक्षा आईटीआई कक्षा 12वीं परीक्षा कक्षा पांचवी कक्षा आठवीं की परीक्षा शामिल है।कक्षा 12वीं की रुक जाना नहीं की परीक्षा 20 मई एवं कक्षा दसवीं की परीक्षा 21 मई से जिन परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी उनमें शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सगोद रोड रतलाम, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 माणकचौक रतलाम, शासकीय जवाहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम, शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंद कॉलोनी रतलाम, शासकीय मलबा उमावि रतलाम, अशासकीय गुजराती समाज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम, अशासकीय श्री गुरु तेग बहादुर उमावी रतलाम, अशासकीय जैन बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतलाम शामिल है। कक्षा दसवीं के 21 हजार 890 तथा कक्षा 12 वीं के 3 हजार 190 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे सम्मिलित होंगे।क्रमांक–73/487/2024

## नीमच कृषि मंडी व्यापारिक संघ के साथ प्रशासन की बैठक - २० मई से रोजाना से कृषि उपज मंडी खुलेगी

नीमच कृषि उपज मंडी के व्यापारी संघ प्रतिनिधियों की एक बैठक का आयोजन शनिवार शाम को किया गया। नीमच एसडीम ममता खेती की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं और चिताओं से प्रशासन को अवगत कराया। दरअसल, गत शुक्रवार शाम को नीमच कृषि उपज मंडी में व्यापारियों के हम्माल और मंडी के हम्मालों के बीच लहसुन मंडी ढेर को लेकर विवाद हो गया था। विवाद में मंडी के हम्मालों ने व्यापारी के हम्मालों के साथ मारपीट की और तलवार निकाल कर उन पर हमला किया। घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने मामले में आरोपी हमलावरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

वही घटना से नाराज नीमच कृषि उपज मंडी के व्यापारियों ने आज से अनिश्चितकालीन मंडी बन्द का आह्वान किया था। जिस पर प्रशासन में संज्ञान लेते हुए व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी सोमवार से मंडी सुचारू रूप से चलेगी और बंद के निर्णय को वापस ले लिया गया है। वहीं व्यापारियों ने मंडी में व्याप्त अवस्थाओं और आपराधिक किस्म के लोगों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। जिस पर प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए व्यापारियों की सभी मांगों पर तुरंत कार्रवाई करने का भरोसा दिया। ओर अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लोगिंग करें


https://sbpatra.in/

## यौन अपराध से बच्चों को संरक्षण के लिए बना है पॉक्स अधिनियम

यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के उद्देश्य से पॉक्सो प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट अधिनियम बनाया गया है। इस अधिनियम को महिला और बाल विकास मंत्रालय ने वर्ष 2012 में पॉक्सो एक्ट–2012 के नाम से बनाया है। इस कानून के अर्न्तगत नाबालिग बच्चों के प्रति यौन उत्पीडन, यौन शोषण और पोर्नोग्राफी जैसे यौन अपराध और छेड–छाड के मामलों में कार्रवाई की जाती है। इस कानून के तहत अलग–अलग अपराध के लिए अलग–अलग सजा निर्धारित है। यह अधिनियम पूरे भारत में लागू है। पॉक्सो कानून के तहत सभी अपराधों की सुनवाई एक विशेष न्यायालय द्वारा कैमरे के सामने बच्चों के माता–पिता या जिन लोगों पर बच्चा भरोसा करता है, उनकी उपस्थित में होती है। वर्ष 2012 में पॉक्सो कानून के लागू होने के बाद वर्ष 2020 में पॉक्सो अधिनियम में कई अन्य संशोधन के साथ ऐसे अपराधों में मृत्युदंड की सजा का प्रावधान किया गया है। पॉक्सो अंतर्गत आने वाले अपराध तथा दंड – प्रवेशन लैंगिक हमला (धारा3)– कम से कम 10 वर्ष का कारावास, जिसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है एवं जुर्माना (धारा 4) गुरूत्तर प्रवेशन लैंगिक हमला (धारा 5)– कम से कम 20 वर्ष का कारावास, जिसे आजीवन करावास/मृत्यु दण्ड तक बढ़ाया जा सकता है एवं जुर्माना (धारा 6)लैंगिक हमला (धारा 7– कम से कम 3 वर्ष का कारावास, जिसे 5 वर्ष तक के कारावास तक बढ़ाया जा सकता है एवं जुर्माना (धारा 8) गुरूत्तर लैंगिक हमला धारा 9)– कम से कम 5 वर्ष का कारावास, जिसे 7 वर्ष तक के कारावास तक बढ़ाया जा सकता है, व (जुर्माना (धारा 10लैंगिक उत्पीडन (धारा 11)– 3 वर्ष का कारावास की सजा तथा जुर्माना (धारा 12 बच्चों का अश्लील उद्देश्यों/पोर्नोग्राफी के लिए इस्तेमाल करना (धारा 13)– 5 वर्ष का कारावास तथा उत्तरवर्ती अपराध के मामले में 7 वर्ष का कारावास तथा जुर्माना (धारा 14–1) बच्चों का अश्लील उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करते समय यौन प्रताड़ना के गंभीर मामले (धारा 14–2)– कम से कम 10 वर्ष का कारावास जिसे आजीवन कारावास/मृत्यु दंड तक बढ़ाया जा सकता है व जुर्माना। बच्चे का अश्लील उद्देश्यों हेतु इस्तेमाल करते समय गुरुत्तर प्रवेशन लैंगिक हमले के अति गंभीर मामले– (धारा 14–3)रू सश्रम आजीवन कारावास व जुर्माना। बच्चे का अश्लील उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करते समय यौन प्रताड़ना के मामले– (धारा 14–4) रू कम से कम 6 वर्ष का कारावास, जिसे 8 वर्ष के कारावास तक बढ़ाया जा सकता है, व जुर्माना। बच्चे का अश्लील उद्देश्यों हेतु इस्तेमाल करते समय गुरूत्तर लैंगिक हमले के अति गंभीर मामले (धारा 14–5)– कम से कम 8 वर्ष का कारावास जिसे 10 वर्ष के कारावास तक बढ़ाया जा सकता है, व जुर्माना। बच्चे से संबंधित किसी भी अश्लील सामग्री को व्यापारिक उद्देश्यों के लिए रखना (धारा 15)रू 3 वर्ष कारावास अथवा जुर्माना अथवा दोनों। एक्ट के अंतर्गत अपराध के लिए उकसाने हेतु भी दंड का प्रावधान है जो कि अपराध करने के समान ही है। इसमें बच्चों की यौन उत्पीड़न हेतु अवैध खरीद–फरोख्त भी शामिल है (धारा 16) किसी घटित अपराध की रिपोर्ट न दर्ज करना (धारा 21–1)रू 6 माह तक का कारावास अथवा जुर्माना अथवा दोनों।

## भोपाल सेन्ट्रल गेट पर युवक की हत्या दो गुटो में हुई चाकूबाजी एक की हत्या एक घायल ।





भोपाल सेंट्रल जेल के गेट पर सांची पार्लर के पास युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना शुक्रवार शाम 6 बजे की है। दो गुटों में मारपीट और चाकूबाजी हुई। एक गुट के दो युवकों को गंभीर चोट आने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से देर रात एक की मौत हो गई। जिस युवक की मौत हुई, वह अपने दोस्तों के साथ दोस्त के भाई को पेरोल खत्म होने पर जेल तक छोड़ने आया था। पुलिस ने देर रात केस दर्ज किया। जेल कैम्पस से बाहर आते ही चार आरोपियों ने हमला किया एडिशनल डीसीपी जोन–4, मलकीत सिंह ने बताया कि मर्डर केस में सतीश खरे को जेल हो चुकी है। वह एक महीने से पेरोल पर था। शुक्रवार को पेरोल खत्म होने पर विकास वर्मा, दोस्त ईशु खरे के साथ बड़े भाई सतीश को जेल छोड़ने गया था। रास्ते में पंचशील नगर निवासी सुरेंद्र कुशवाहा (27) भी मिल गया। सतीश खरे को जेल छोड़ने के बाद तीनों जेल कैम्पस से बाहर निकले, तभी संदेश नरवारे, आकाश भदौरिया, छोटा चेतन उर्फ फैजल और दीपांशु सेन ने चाकू से हमला कर दिया। दोनों गुट भिड़ गए। सुरेंद्र की जांघ में चाकू लगा, जबकि विकास वर्मा के हाथ में चाकू लगा। दोनों घायलोंं को सबसे पहले श्रद्धा अस्पताल ले घ्जाया गया। इतने में सुरेंद्र की हालत गंभीर घ्होने पर उसे एम्स ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया

## मूह के मंदिर में साधु बनकर रह रहा था हत्यारारूपुलिसकर्मी बोला- बाबा, मां को आशीर्वाद दे दो, गाड़ी के पास आते ही अरेस्ट किया

सागर पुलिस ने 13 साल से फरार जिस शख्स को पकड़ा है, उसे हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा मिल चुकी थी। वह इंदौर के मह स्थित मंदिर में साधु बनकर छिपा था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए एक दिन रेकी की। प्लान के तहत रात में पुलिस भक्त बनकर पहुंची। कहा– बाबा, मां की तबीयत खराब है। गाड़ी में चलकर आशीर्वाद दे दो। जैसे ही आरोपी गाड़ी तक पहुंचा, पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी हिब्बू उर्फ प्रभुदयाल है। उसने 1991 में साथी के साथ मिलकर जमीन विवाद में एक युवक की हत्या कर दी थी। इसी मामले में साल 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके बाद दोना आरोपी फरार हो गए। हालांकि, दूसरा आरोपी उम्मू उर्फ उमाशंकर तिवारी गिरफ्त से बाहर है।

दिनभर भक्त बनकर मंदिर परिसर में घूमती रही पुलिस

पुलिस टीम 14 मई को जाम गेट के पार्वती मंदिर पहुंच गई। वहां 12 से ज्यादा साधु थे। उन्हीं के बीच आरोपी प्रभुदयाल बाबा बनकर छिपा था। उसे पहचानने की चुनौती भी थी। क्योंकि आरोपी करीब 13 साल से फरार था। हुलिया और हाइट के आधार पर पुलिस को एक शख्स पर शक हुआ। दिनभर पुलिस ने मंदिर परिसर में रेकी की। गांववालों से भी पूछताछ की। इसके बाद शाम को उसे पकड़ने की योजना बनाई।

## गैस राहत चिकित्सालयों में प्रतिनियुक्ति पर ली जायेंगी चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएँ

गैस राहत चिकित्सालयों के लिये विशेषज्ञों, कंसलटेंट और चिकित्सा अधिकारियों की सेवाएँ प्रतिनियुक्ति पर ली जायेंगी। संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास ने बताया कि भोपाल गैस त्रासदी एवं पुनर्वास विभाग के अधीन 6 चिकित्सालयों एवं 9 औषधालयों में चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये वरिष्ठ परामर्शी (प्राध्यापक के समकक्ष), परामर्शी (सह प्राध्यापक के समकक्ष), कनिष्ठ परामर्शी (सहायक प्राध्यापक के समकक्ष), विशेषज्ञ और चिकित्सा अधिकारियों के रिक्त पदों पर 2 वर्षों की अवधि के लिये प्रतिनियुक्ति पर सेवाएँ ली जाना हैं। संचालक गैस राहत एवं पुनर्वास ने बताया कि इच्छुक चिकित्सक विभागीय वेबसाइट हजततकउच.उच.हवअ.पद से आवेदन डाउनलोड कर पूर्ण जानकारी भरकर समक्ष में अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से संचालनालय, गैस राहत एवं पुनर्वास, शिवाजी नगर, भोपाल में 10 जून, 2024 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं।

## कलेक्टर श्री जैन ने किया मतगणना केंद्र एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण



नीमच 15 मई 2024, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिंह सिसौदिया ने बुधवार को लोकसभा निर्वाचन–2024 के तहत नीमच में स्थापित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर एवं ए.एस.पी.ने सीसीटीवी के माध्यम से स्ट्रांग रूम परिसर की निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था कार्य का जायजा लिया और संबंधितों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री जैन ने मतगणना केंद्र के प्रवेश द्वार बाहर अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे एवं निगरानी की व्यवस्था, अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के लिए स्थापित निगरानी कक्ष में कूलर, पंखे एवं प्रकाश की व्यवस्था मॉनिटरिंग,निगरानी के घ्लिए टीव्ही स्क्रीन की व्यवस्था का अवलोकन किया। कलेक्टर ने सुरक्षा बलों के लिए भी कूलर, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू,रक्षित निरीक्षक श्री विक्रमसिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य शासन ने कृषकों के लिए अल्पकालीन ऋण की तीथि ३१ तक की।



राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी।

सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023–24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (डयू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं।किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे – गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जायेगा।

## डी.एल.एड. पाठ्यक्रम के लिये प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024–25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई, 2024 से एम पी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। उक्त संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट https:@@rsk-mponline-gov-in@ पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 निर्धारित की गई है।

## पाक मूल के बिजनेस बोले मोदी भारत का बेहतर लीडर पाकिस्तान को भी वैसा ही नेता चाहिए ।

पाकिस्तान मूल के अमेरीका बिजनेसमैन सजिद तरारा ने मोदी को एक ताकतवर नेता बनाया।



पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन साजिद तरार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक ताकतवर नेता बताया हैं। बिजनेसमैन ने कहा है कि मोदी न केवल भारत के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए अच्छे नेता हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि एक दिन पाकिस्तान को भी उनके जैसा नेता मिल सकेगा।

से बातचीत करते हुए तरार ने कहा, मोदी एक अद्भुत नेता हैं। वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने तनाव के बावजूद पाकिस्तान का दौरा किया और अपनी राजनीतिक इमेज को जोखिम में डाला। मुझे उम्मीद है कि मोदी जी पाकिस्तान के साथ फिर बातचीत करेंगे, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार शुरू होगा।

एक शांतिपूर्ण पाकिस्तान भारत के लिए भी अच्छा है। साजिद तरार 1990 के दौरान बिजनेस के लिए पाकिस्तान से अमेरिका चले गए थे। हालांकि, अभी भी उनके पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों के साथ अच्छे संबंध हैं। तरार ने कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह एक चमत्कार से कम नहीं है कि 97 करोड़ से ज्यादा लोग भारत में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं वहां मोदी जी की लोकप्रियता देख रहा हूं।

उन्होंने आगे कहा कि 2024 में भारत का जो विकास हुआ वह अद्भुत है। यह दुनियाभर के देशों के लिए एक मिसाल है। तरार ने कहा, आप भविष्य में देखेंगे कि लोग भारतीय लोकतंत्र से बहुत कुछ सीखेंगे।

## पाकिस्तान का नाम लेकर चुनाव में फायदा उठा रही भारत की पार्टीयाँ - पाक विदेश मंत्री

**पाक ने अर्न्तरराष्ट्रीय संगठन से भारत मे हो रही बयान बाजी पर ध्यान केन्द्रीत करने को कहा , पाक का कहना इसेसे दोनो देशे के रिश्ते पर असर पढेगा।**



पाकिस्तान ने मंगलवार (14 मई) को भारत में हो रहे चुनाव पर कहा कि भारतीय राजनेता हमें चुनाव में घसीटना बंद करें। वहां के विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में कुछ पार्टियां बार–बार पाकिस्तान का नाम लेकर वोटिंग में फायदा उठा रही हैं। इसके लिए मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय संगठनों से भारत में हो रही बयानबाजी पर ध्यान देने को कहा है। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी से दोनों देशों में शांति भंग होती है और रिश्ते खराब होते हैं।पाकिस्तान की तरफ से ये बयान तब सामने आया है, जब 13 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुजफ्फरपुर में कहा था कि ये लोग (विपक्षी पार्टियां) इतने डरे हुए हैं कि रात में सपने में पाकिस्तान का परमाणु बम दिखाई देता है। क्या ऐसे लोगों को देश दे सकते हैं? क्या इंडी गठबंधन वाले बोल रहे हैं कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं। अरे नहीं पहनी है तो पहना देंगे।


# https://sbpatra.in/

## समाचार के लिए लोंगिन करे।


## इजराईल पीएम ओर रक्षा मंत्री में हमास को लेकर अलग अलग मत

हमास खात्में के बाद तुरंत नई सरकार का गठन किया जाए नेतन्याहु से अपिल रंक्षा मंत्री ।



इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने जंग के बाद गाजा के भविष्य को लेकर नेतन्याहू के प्लान को नकार दिया है। उन्होंने इजराइली पीएम को चेतावनी देते हुए कहा कि वे फिलिस्तीनी जमीन पर कभी भी इजराइल का शासन नहीं होने देंगे। इजराइली मिलिट्री हेडक्वार्टर से एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में गैलेंट ने कहा, हमास के बाद गाजा का अस्तित्व तभी मुमकिन है, जब यहां फिलिस्तीन के लोग ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय की मदद से सत्ता संभालें। मैं च्ड बेंजामिन नेतन्याहू से अपील करता हूं कि वे यह फैसले करें कि इजराइल की सेना गाजा पर कंट्रोल नहीं करेगी। हमास के खात्मे के तुरंत बाद वहां नई सरकार का गठन किया जाएगा।

इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर सरकार ने सही समय पर गाजा के लिए हमास का विकल्प नहीं ढूंढा तो इजराइल का मिलिट्री ऑपरेशन कमजोर पड़ जाएगा। हमास फिर से अपनी जड़ें जमाना शुरू कर देगा और इससे उसे अपनी ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी। फिर हमारी सेना को दोबारा उन जगहों पर जंग लड़नी पड़ेगी जहां हम पहले ही ऑपरेशन चला चुके हैं।

नेतन्याहू समर्थक मंत्रियों की मांग- रक्षा मंत्री को बर्खास्त किया जाए
टाइम्स अहफ इजराइल के मुताबिक, हमास के खिलाफ जंग शुरू होने के बाद यह पहला मौका है जब नेतन्याहू के सरकार के ही किसी मंत्री ने उन्हें खुले तौर पर चुनौती दी है। गैलेंट के इस बयान के बाद इजराइल के सत्ताधारी गठबंधन गुस्से में है। सरकार में शामिल नेता च्ड नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग कर रहे हैं।

## स्लोवाक के पीएम फिको पर जानलेवा हमला , तीन घण्टे चला ऑपरेशन शरीर से निकाली पाँच गोलिया।

७१ वर्षीय पीएम रूसी सर्मथक है । वो पाँच साल जेल मे रहकर चुनाव जीते थे।

### रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन अटैक कियारूहमले में यूक्रेन की २२२ होवित्जर बोहदाना तोप तबाह; यूक्रेनी सैनिकों के मारे जाने की जानकारी नहीं

रूस ने यूक्रेनी आर्मी पर ड्रोन से अटैक किया। हमले में यूक्रेन की 222 होवित्जर बोहदाना तोप तबाह हो गई। यह तोप खार्किव से 20 किमी उत्तर बोर्शचेवाया में तैनात थी। इस हमले में यूक्रेनी सैनिकों के मारे जाने की जानकारी नहीं हैं। रूसी टेलीग्राम चौनल ने ड्रोन अटैक का वीडियो शेयर किया है।



यूरोपीय देश स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको (56) पर बुधवार को 71 साल के व्यक्ति ने जानलेवा हमला किया। हमलावर ने उन्हें 5 गोलियां मारीं, एक गोली फिको के पेट में लगी। पीएम को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां साढ़े तीन घंटे तक उनकी सर्जरी चली।स्लोवाकिया के डिप्टी पीएम थॉमस तराबा ने बताया कि फिको का ऑपरेशन हो गया है हालांकि, उनकी हालत अब भी गंभीर है। थॉमस ने कहा, उम्मीद है कि वे इस हमले से उबर जाएंगे। वहीं, इंटीरियर मिनिस्टर मातुस सुताज एस्टोक ने बताया कि हमलावर एक लेखक है।

रॉबर्ट फिको मीटिंग से बाहर निकले और हमला हुआ फिको हिंडलोवा में एक सरकारी मीटिंग में थे। जब वे मीटिंग से बाहर निकले तो उन पर हमला हुआ। पुलिस ने हमलावर को मौके पर ही पकड़ लिया और हथकड़ी लगा दी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले– मुश्किल घड़ी में साथ हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में भारत के लोग स्लोवाकिया के साथ खड़े हैं।अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हमले की निंदा की और कहा कि मुश्किल वक्त में फिको के परिवार के साथ हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे भयानक अपराध बताया है।

## नॉर्थ कोरीया के तानाशाह कि बहन का कहना कि हमने रूस को हथियार नही बैचे। हमारे हथियार हमारी रक्षा के लिए।

जर्मनी,फिनलैंड,डेनमार्क, इटली,स्पेन ,फ्रांस, नीदरलैंड व ब्रिटेन में बडे पैमाने पर विरोध

नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने रूस को हथियार देने के अमेरिका और साउथ कोरिया के दावों को गलत बताया है। नॉर्थ कोरिया के सरकारी न्यूज चौनल के मुताबिक किम यो जोंग ने कहा कि रूस को हथियार देने की बातें मनगढ़ंत और बेतुकी हैं।
किम यो जोंग ने कहा, नॉर्थ कोरिया ने देश की सुरक्षा के लिए हथियार बनाएं हैं किसी दूसरे देश को बेचने के लिए नहीं। किम की बहन का ये बयान उस वक्त आया है जब अमेरिका ने रूस की 3 कंपनियों पर प्रतिबंध लगाएं है। इन पर नॉर्थ कोरिया और रूस के बीच हथियारों की डील कराने के आरोप थे।दरअसल, नॉर्थ कोरिया के हथियार खरीदने और बेचने पर (संयुक्त राष्ट्र संघ) न्छ ने पाबंदियां लगा रखी हैं।अमेरिका और पश्चिमी देश लगातार रूस पर नॉर्थ कोरिया से मिलिट्री टेक्नोलॉजी और आर्थिक सहायता के बदले में यूक्रेन युद्ध के लिए तोपखाने, मिसाइल और दूसरे हथियार खरीदने के आरोप लगाते रहे हैं।

## दुनियाँ चाँद पर हमारे बच्चो गटर में,आज टॉप कम्पनीयो के सीईओ भारतीय - पाकिस्तानी संसद सैयद मुस्तफा।

ख्वालिस्तानी अंतकी निज्जर की हत्या में कनाडा की विदेश मंत्री मेलनी जोल ने दिये बयान पर कायम है ।



आर्थिक तंगहाली के बीच पाकिस्तान के सांसद सैयद मुस्तफा कमाल ने नेशनल असेंबली में भारत की शिक्षा व्यवस्था की तुलना पाकिस्तान की शिक्षा व्यवस्था से की। उन्होंने कहा, ष्जहां एक तरफ दुनिया चांद पर जा रही है, वहीं दूसरी तरफ कराची के बच्चे गटर में गिरकर मर रहे हैं। सैयद मुस्तफा ने कहा, 30 साल पहले, हमारे पड़ोसी भारत ने अपने बच्चों को वह सिखाया जिसकी आज पूरी दुनिया में मांग है। आज टॉप 25 कंपनियों के ारतीय हैं। आज अगर भारत तरक्की कर रहा है तो उसकी वजह ये है कि वहां वो सिखाया गया जो जरूरी था। पाकिस्तान का आइटी एक्सपोर्ट आज 7 अरब डॉलर है, जबकि भारत का IT एक्सपोर्ट 270 अरब डॉलर है। देश की साक्षरता दर देखकर यहां के नेताओं को नींद नहीं आनी चाहिए – मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट–पाकिस्तान पार्टी के नेता ने अपने भाषण के दौरान बताया कि देश में आज 2 करोड़ ऐसे बच्चे हैं, जो स्कूल तक नहीं जा पा रहे हैं। अगर आज हम सिर्फ इस बात पर ही ध्यान दें, तो भी देश के नेताओं को सुकून से नींद नहीं आनी चाहिए। पाकिस्तानी सांसद का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा